काञ्चीकामकोटिमठ विषयक सम्वाद ।



पूज्यपाद शङ्कराचार्य श्री १००८

श्रीचन्द्रशेखरेन्द्र सरस्वती स्वामिचरणों

एवं

करपात्री दण्डिस्वामी श्री हरिहराश्रम सरस्वतीजी द्वारा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

काञ्चीकामकोटिमठ विषयक सम्वाद ।

पूज्यपाद शंकराचार्य श्री १००८

श्री चन्द्रशेखरेन्द्र सरस्वती स्वामिचरणों

एवं

करपात्री दण्डिस्वामी श्री हरिहराश्रम सरस्वतीजी द्वारा

प्रकाशक—

श्री सभापतिजी उपाध्याय,

प्रधानाध्यापक—श्री बिडला संस्कृत महाविद्यालय,

काशी ।

मुद्रक—पं० गणेशप्रसाद शुक्ल,

रामेश्वर प्रेस, बुलानाला, काशी ।

सम्वत् १९९२

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

प्राक्कथन ।

भगवत्पाद श्रीमदाद्यशङ्कराचार्यजी की परम्परा से परम प्रतिष्ठा-प्राप्त श्रीकाञ्चीकामकोटिपीठ के सम्बन्ध में, अधिकाधिक ज्ञातव्य के हेतु, श्रद्धालु-जनों के हृदय एक तो यों ही अत्यन्त उत्सुकता-गर्भित थे, तिसपर, श्रीचरणों की प्रस्तुतकालीन यात्रा से वह उत्सुकता अखिल भारतव्यापिनी भी बन बैठी है। देशव्यापी औत्सुक्य की ऐसी सद्य-स्थिति में ही, उस दिन जब मुझे पूज्यपाद श्रीजगद्गुरुजी महाराज तथा दण्डि-स्वामी श्रीहरिहराश्रमजी का पारस्परिक सम्वाद सुनने का सुयोग हुआ, तो मैंने उसे न केवल अपने ही लिये, वरन्, अखिल भारतीय श्रद्धालु-जनता के लिये भी जगदीश्वर की अनुकम्पा-रूप ही समझ पाया। कारण, काञ्चीमठ-विषयक विशेष ज्ञातव्य के व्यापक-औत्सुक्य की परितोषक-सामग्री मुझे उसमें एक साथही निधिवत मिल गयी। ऐसा जान पड़ा, मानों कोटिशः श्रद्धालुओं की हार्दिक-अभिलाषाओं से द्रवीभूत होकर स्वयं माता सरस्वती ही बाबा विश्वनाथ की इस पावन-पुरी में आचार्य-चरणों की श्रीमुखवाणीरूप से सार्वजनीन-मनस्तोषार्थ अमृत-वर्षा कर रही हों। सम्वाद के समाप्त होते ही, मैं अपने इस भाव को विनम्र शब्दों में निवेदन कर, श्रीचरणों से उस लोकोपयोगी चर्चा को प्रकाशित करने की स्वीकृति भी प्राप्त कर सका। बस, वही सम्वाद यथाश्रुत, यथास्मृत, आज इस पुस्तकाकार रूप में आप महानुभावों के कर कमलों में उपस्थित हो रहा है। इससे पुण्यपीठ श्रीकाञ्चीकामकोटिमठ विषयक ज्ञातव्य में श्रद्धालु-जनों को यत्किञ्चिद् भी यदि सहायता या परितोष मिल सका तो उसे ही मैं अपने प्रयास का साफल्य समझूंगा। इति शम्

सभापति शर्मा उपाध्याय
प्रधानाध्यापक
काशीस्थ श्रीबिडला संस्कृत महाविद्यालय।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

श्री १००८ मच्छंकरभगवत्पादेभ्यो नमः

यात्राप्रसङ्गेन वाराणसीमधिष्ठितानां निखिलदर्शननिष्णातानां मूर्तिमच्छान्तिस्वरूपाणां शङ्कराचार्यपदवीकानां श्रीकाञ्चीकामकोटिमठाधीश्वराणां श्रीमन्मान्यमाननीयानां। श्री १००८ श्रीचन्द्रशेखरेन्द्रसरस्वतीस्वामिचरणानां कृत्स्नतन्त्रस्वतन्त्राणां निखिललोकेक्षणे क्षणगोचरीभवनायावतीर्णानां शास्त्रावधारितमूर्तिमत्संन्यासानाम् अर्हणीयांघ्रिसरोरुहाणां करपात्रिपदप्रथितदण्डिस्वामिहरिहराश्रमसरस्वतीस्वामिमहोदयानाञ्च स्वान्तग्राहिगोष्ठीप्रसङ्गेन प्रस्तुतायां काञ्चीकामकोटिमठविषयकवार्तायां जातसम्वादसारांशमवलम्ब्य अपरिचितजनपरिचयाय किञ्चिदुच्यते—

त्रयोदशतमे वर्षे पीठोऽयमधिगतः प्रस्तुताचार्यपादैः। वृद्धानां गुरुजनानां च मुखादाकर्णितं यदेतत्पीठपरम्परा भगवत्पादप्रभृति प्रसृतेति। तदुपोद्बलकत्वेन दृश्यते च यत् काञ्चीमण्डलेऽद्वैतिनः स्वस्वगृह्योक्तशुभकर्मावसरे कामकोटिपीठावस्थितानामाचार्याणामग्रपूजामनुतिष्ठन्ति। श्रीकाञ्चीनगरे सर्वतः बहूनि ऋषिदेवप्रतिष्ठितानि च शिवविष्णुशक्तिगणेशकार्तिकेयादिमन्दिराणि राजन्ते। तन्नगराङ्गणे दिक्चतुष्टयगामिन्यो राजवीथिनाम्ना विख्याताश्चतस्रो रथ्या विद्यन्ते। तन्मध्ये कामकोटिपीठाधिवासिन्याः कामाक्ष्या मन्दिरं विद्योतते। देवीपुरःस्थण्डिलाग्रे शालिग्रामशिलानिर्मितं श्रीमद्भगवच्छङ्कराचार्योद्धृतं श्रीयन्त्रं वर्तते। तन्मन्दिरेषु रथाद्युत्सवावसरे ता मूर्तयः कामकोटिपीठमेव परिक्रामन्ति। अत्र कामाक्षी-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

मन्दिरे श्रीमदाद्यशङ्करभगवत्पादाचार्याणां शिलामयी प्रतिमा चकास्ति। यस्या महोत्सवो विश्वरूपयात्रायां, देवीशारदनवरात्रे, व्यासपूजायां, शङ्करजयन्त्याञ्च प्रतिवर्षं महता समारम्भेण विधीयते। तत्रैव मन्दिरे भिन्नभिन्नस्थलेषु गोपुरमण्डपस्तम्भदेव्यन्तर्गृहादिषु भगवत्पादानां तपश्चर्यावस्थाविद्योतिका मूर्तयो विलसन्ति। शिवकाञ्चीस्थमठदेवगृहेऽपि शिष्यमण्डलीमण्डिता आचार्याणां शिलामयी प्रतिमा विभ्राजते।

उपमद्रनगरं त्रिषु शुल्कस्थानीयभूमिभागेषु (तहसीलपदवाच्येषु) सनातनधर्मराज्यकालमारभ्य ईदृशो नियमो वर्तते यत्सर्वोऽपि कृषीवलः स्वस्वदीयमानराजकीयकरस्य षण्णवतितमांशमेतत्पीठाधिष्ठितश्रीशङ्कराचार्येभ्यो दद्यात्, इति म्लेच्छराजैरपि परिरक्षितः, आधुनिकाङ्ग्लराजानुसृतोऽद्यावधि वरीवर्ति। यद्ययं नियमः केनचित्कदाचिदुल्लङ्घितो भवति तदा राजकीयाधिकारिभिर्न्यायालयद्वारा तन्नियमपरिपालनाय बाध्यते दाप्यते च तद्धनं तेभ्यः।

सनातनधर्मस्य पुनरुद्धारकैर्महाराष्ट्रदेशीयभोसलान्वयसंजातच्छत्रपतिवंशोद्भवैः प्रतिवर्षं दीयमानं सप्तसहस्रराजतमुद्राकल्पं द्रव्यमद्यापि श्रीमठाय वितीर्यते स्वराज्यारम्भकालिकधार्मिकप्रतिज्ञामनुरुन्धता भारताङ्गलसम्राण्महोदयेन।

विद्यारण्यस्वामिपूर्वकालात् सप्तशताधिकसहस्रतमेशवीयाब्दं यावत् यावन्ति श्रीमठाधिकृतग्रामसम्बन्धिताम्रशासनान्युपलभ्यन्ते तेषु क्वचिदेतत्पीठपरम्परागुरवः श्रीशङ्कराचार्यनाम्ना क्वचित्काञ्चीपुरस्थितलोकगुरुनाम्ना क्वचित्तत्तन्नाम्ना चैतत्पीठपरम्परागतश्रीमुखवर्णितविशेषणविशिष्टतया समुल्लिखिता दृश्यन्ते।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

श्रीरङ्गमन्दिराभ्यर्णे कावेरीमहानदीमध्यद्वीपे भारतवर्षीय-निखिलशिवमन्दिरापेक्षयाऽतिविशालं यद् जम्बुनाथस्य मन्दिरं, तत्रत्याखिलाण्डेश्वरीनामकशक्तेः श्रीयन्त्रात्मकताटङ्कयुगले समन्त्रमावाहनं कृतमस्ति। यदा यदा तद्यन्त्रयोः काचिद्विकृतिः सम्पद्यते तदातदा श्रीमठाधिष्ठितैराचार्यैरेव जीर्णोद्धारो विधीयत इति लोकपरम्परातः श्रूयते। तत्रावाहने गुरुपादपूजासमयेऽधीयमानश्रीशङ्कराचार्याष्टोत्तरशतनामसु "श्रीचक्रात्मकताटङ्कपोषिताम्बामनोरथाय नमः" इति वाक्यं संश्रूयते।

प्राचीनसमयत एतदपि श्रूयते यत्कावेरीनद्याः तच्छाखाभूतनदीनाञ्च जलेन सिक्तासु भूमिषु यावद्धान्यमुत्पद्यते तस्य द्विसहस्रतमांऽशः श्रीमठाय पूर्वं वितीर्यमाण आसीत्, परन्तु साम्प्रतं तद्देशवासिभिः कृषकैः समष्टिरूपेण कियती भूमिर्दत्ता श्रीमठाधिकारे वर्तते।

एतावत्पर्यन्तं श्रीमठस्य श्रीशङ्कराचार्यीयत्वसमर्थने व्यावहारिकं प्रमाणमुपदर्शितम्, अतः परमुपदर्शितविषयप्रमाणत्वेन तत्तद्ग्रन्थानप्युपस्थापयामः।

श्रीमठीयपुस्तकालये पञ्चाशत्सहस्राधिकश्लोकात्मकस्य द्वादशांशैर्विभक्तस्य शिवरहस्यनामकग्रन्थस्य लिपिभेदेन प्रतिलिपिद्वयं वर्तते। तत्र शिवभक्तानां चरितं वर्णितम्। तत्रैव प्रसङ्गतः श्रीमच्छङ्करभगवत्पादाचार्याणां चरितवर्णनेन षोडशोऽध्यायः परिसमापितः।

तदन्ते एतच्छ्लोकदर्शनेन श्रीमठ एव श्रीशङ्कराचार्याणां निवासस्थानत्वं प्रतीयते, तद्यथा—

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तद्योगभोगवरमुक्तिसुमोक्षयोग—
लिङ्गार्चनप्राप्तजयः स्वकाश्रमम् ।
तान्वै विजित्य तरसाक्षतशास्त्रवादै-
र्मिश्रान् स काञ्च्यामथ सिद्धिमाप ॥

तत्र स्वकाश्रमे इत्यपि पाठो दृष्टः ।

इतः पूर्वश्लोकेषु कैलासादानीतलिङ्गपञ्चकविषयिका वार्तोपवर्णिता ।

कदाचित् इमं शिवरहस्यग्रन्थं कृत्स्नं मुद्रापयितुकामेनांऽशत्रयपर्यन्तं मुद्रापितवता च धार्मिकेण श्रीसदाशिवश्रेष्ठिना संगृहीतानां बहूनां शिवरहस्यप्रतिलिपीनामालोकनावसरो लब्धः । तत्र सर्वत्रानेनैव श्लोकेनाध्यायपरिसमाप्तिर्दृष्टा ।

शङ्करदिग्विजये लिङ्गपञ्चकप्राप्तिविषयवर्णनानुपलम्भेन शैवमतावलम्बिनौ माध्वलिङ्गधारिणौ यदा विपरीतप्रचारं कर्तुमारब्धवन्तौ तदा तत्खण्डनाय महीशूरराज्यपुस्तकालयादेनं ग्रन्थमुद्धृत्य शङ्करविजयनिबन्धकारमाधवानुयायिनः प्रमाणतया स्वीकृतवन्तः ।

मठीयपुस्तकालये एकं पुस्तकं विद्यते । तत्र मार्कण्डेयसंहितातः परिस्पन्दत्रयमुद्धृतम् । तालपत्रे चेदं लिखितम् । अत्र लिङ्गपञ्चकप्राप्तिः, तद्विनियोगप्रकारः, नेपाले पशुपतीश्वरस्थापनादिविषया अन्यत्रानुपवर्णिता उपलभ्यन्ते । तत्र काञ्चीकामकोटिपीठविषयो विशदं वर्णितोऽस्ति ।

निर्णयसागरकाव्यमालायां पतञ्जलिचरिताभिधे ग्रन्थे महाभाष्यकर्तुः पतञ्जलेश्चरितं सम्यग्वर्णितम् । तत्पूर्वभागे पूर्वाश्रमे

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तच्छिष्याणां शापवशेन ब्रह्मराक्षसत्वमापद्य तन्मुक्त्यनन्तरं शुकब्रह्मर्षितः संन्यासमादाय पूर्वाश्रमीयचन्द्रशर्मनामापहाय स्वामिगौडपादनाम्ना प्रसिद्धानां चरितमुपन्यस्तम् । अतः परं श्रीमच्छङ्कराचार्याणां जीवनचरितमुपवर्णितम् ।

एतद्ग्रन्थान्तस्थं पद्यमपि तत्रत्यत्वमाचार्याणां प्रमाणयति । तथाहि—

"अद्वैतभाष्यमुपकल्प्य दिशो विजित्य
काञ्चीपुरे स्थितिमवाप स शङ्करार्यः ।" इति ।

सहृदयापत्रे मुद्रितं यच्छङ्कराभ्युदयकाव्यं, तत्रस्थान्त्यश्लोकोऽप्युक्तार्थं द्रढयति । यथाहि—

"कम्पातीरनिवासिनीमनुदिनं कामेश्वरीमर्चयन्
ब्रह्मानन्दमविन्दत त्रिजगतां क्षेमङ्करः शङ्करः ।"

अत्र श्लोके वर्णितायाः कम्पानद्याः कांचीपुरस्थितौ प्रमाणं मूकपंचशत्यादिग्रन्थाः ।

मद्रनगरस्थराजकीयसंस्कृतपुस्तकालयसूच्यां जर्मनदेशीयपरिशोधकेन प्रकाशितायां श्रीभगवत्पादात्प्रचलिता भारतीसम्प्रदायगुरुपरम्परा सम्प्राप्यते । सा च सूचिका काशिकराजकीयसरस्वतीभवनेऽपि विद्यते । तत्र स्वाश्रमप्रचाराय शङ्कराचार्यकर्तृका विश्वरूपाचार्यस्य भगवत्याः कामाक्ष्याश्च कांच्यां स्थापनादिविषयाश्च विशेषतो वर्णिताः सन्ति । इतोऽपि समभिप्रेतस्य दार्ढ्यं जातम् । वङ्गीयविश्वकोशेऽपि श्रीमद्भगवच्छङ्कराचार्याणां कांचीनगरसम्बन्धो विशेषतया प्रतिपादित उपलभ्यते ।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

श्रीमठे आनन्दगिरीयशङ्करदिग्विजयप्रतिलिपयो बहव्यः विद्यन्ते। तत्र केरलदेशे भगवदवतारः, कांचीपुरे तदवतारमूर्तिः, इन्द्रसम्प्रदायवर्तिसुरेश्वराचार्याणां कांचीपुरपीठे स्थापनं, कांच्यां स्वावासयोग्यमठपरिकल्पनं, श्रीचक्रराजस्य कामाक्ष्याश्च स्थापनादिविषयाः समुल्लिखिताः सन्ति।

एतत्संवादिप्राचीनग्रन्थः काशीस्थरामतारकमठे वर्तते। एतद्ग्रन्थनिर्माताऽनन्तानन्दगिरिर्भगवत्पादशिष्यो माधवीयडिण्डिमव्याख्याने सम्यगुपवर्णितोऽस्ति।

तत्रैव डिण्डिमव्याख्याने शङ्करदिग्विजयनामागृहीत्वैव तत्रत्यवाक्यान्युद्धृतानि सन्ति। माधवीयाद्वैतलक्ष्मीव्याख्याने आर्षशिवरहस्यवाक्योद्धरणम्, बृहच्छङ्करदिग्विजयादिग्रन्थेषु तत्रोपवर्णिताः कथा इति वर्ण्यते।

मठपरम्परागतश्रीमुखपत्रिकापीठिकायामपि एतत्पीठपूर्वाचार्या भगवत्पादीयसिंहासनमधितिष्ठन्ति इत्युपवर्ण्यते। पुराणेष्वपि श्रीकांचीकामकोटिपीठिका प्रसिद्धास्ति। भगवत्पादपरम्परया तदधिष्ठानमात्रमवाप्तं न तु केनचिन्नवीनं तत्स्थापितमिति प्रतीयते। श्रीमुखपीठिकास्तत्तन्मठेषु तत्तत्सम्प्रदायानुरोधेन समानाकारा एवोपलभ्यन्ते। भगवत्पादावतारस्थानभूतकेरलदेशीयप्रसिद्धमठेषु गोविन्दनाथमुनिकृतः शङ्कराचार्यजीवनचरित्रग्रन्थो दृष्टः। तत्र कस्यचिदपि मठस्य वर्णनं नास्ति। एतन्मात्रं लिखितमस्ति यत् श्रीशङ्करभगवत्पादाचार्या अखिलां धरां परिक्रम्य भूयः काञ्चीपुरं गताः। तत्रत्यशङ्कराचार्याष्टके आचार्याणां कांच्यामेव सर्वज्ञपीठाधिरोहणं वर्णितम्।

श्रीशङ्करविजयविलासाभिधाने ग्रन्थे श्रीशङ्करभगवत्पादाः

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

कांच्यामेव सर्वज्ञपीठाधिरोहणं षण्मतस्थापनं च कृतवन्त इत्युक्तम्। तस्मिन् ग्रन्थे शिष्टाख्यानन्तु माधवीयानुसृतमेव।

काञ्चीपुरे परविद्याचरणविषयमाश्रित्यैव माधवीये 'सुरधाम र तत्र कारयित्वा परविद्याचरणानुसारि चित्रम्' इत्यभिहितम्।

केनापि वृद्धेन श्रावितं यत् वासनादेहस्तुतिनाम्ना प्रसिद्धा काचन श्लोकबद्धा स्तुतिर्विद्यते। परन्तु साम्प्रतं सा नोपलभ्यते। तत एवोद्धृतः कश्चन श्लोकः कुत्रचिन्निबन्धे श्रीस्वामिपादैर्दृष्टः। तत्रेदमभिहितं यत् सुरेश्वराचार्या एव इन्द्रसम्प्रदायप्रवर्तका इति। तद्विषयकमिदमितिवृत्तं श्रूयते। यदेकदा सुरेश्वराचार्यस्य शिरसि महती व्यथा समुत्पन्ना। ततस्तां निवारयितुमाचार्या अश्विनीकुमारौ स्मृतवन्तः। तौ च तत्क्षणे तत्रोपस्थाय सम्मुखं शिरोभेदनेन तं नीरुजं कृतवन्तौ। तदानीमिन्द्रः संक्रुद्धः सन् वज्रहस्तः पृथिव्यां समुपस्थितः। तञ्च श्रीमदाचार्याः स्वदृक्प्रक्षेपमात्रेणैव स्तम्भितवन्तः। इन्द्रस्तुत्यानुगृहीतवन्तमाचार्यमिन्द्रः स्वपदेन सममाचार्यपरम्परायाः सम्बन्धं प्रार्थितवान्। तत्प्रार्थनां स्वीकृत्य तस्मिन्नेव समये श्रीसुरेश्वराचार्य इन्द्रपदेनालंकृतः। अद्यावधि कांच्यां मण्डनमिश्राग्रहारनाम्ना विख्याता वीथी वर्तते। तत्र निवासिभिर्ब्राह्मणैरेवैतत्पीठस्य प्रथममुपचारो विधेय इति नियमोऽद्य यावदावर्तते।

प्राचीनग्रन्थनिर्मातार आनन्दसरस्वतीसम्प्रदायां महान्तो गौडब्रह्मानन्दप्रभृतयो यथाऽभूवन्, तथा इन्द्रसरस्वतीसम्प्रदायेऽपि प्रपञ्चसारसंग्रहकारः सरस्वत्युपाह्वो गीर्वाणेन्द्रः, ज्ञानामृतवर्षिणीरचयिता सरस्वत्युपाह्वः सदाशिवब्रह्मेन्द्रः, स्वाराज्य-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सिद्धिकारः सरस्वत्युपाह्वो गङ्गाधरेन्द्रः, नामसिद्धान्तकौमुदी-कारो भगवन्नामबोधेन्द्रः इत्यादयो बहव आचार्या बभूवुः ।

एवं संभाषणान्ते श्रीस्वामिपादैरुक्तं यद् यावदनुभवमस्मा-भिरुक्तम् । किन्तु मठानामथवा पीठानामुत्कर्षापकर्षविचारे किमपि फलं न पश्यामः ।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

श्रीजगद्गुरुजी के सम्वाद का हिन्दी-रूपान्तर ।

यात्रा-प्रसङ्ग से वाराणसी में अधिष्ठित, निखिल दर्शनों के निष्णात, शान्ति के मूर्तिमान स्वरूप, शङ्कराचार्य-पदस्थित श्री काञ्चीकामकोटि-पीठाधीश्वर श्रीमन्मान्य मानमीय श्री १००८ श्रीचन्द्रशेखरेन्द्र सरस्वती स्वामि-चरणों से तथा सर्वतन्त्र-स्वतन्त्र, निखिल लोक-दृष्टि में क्षणिक दर्शनार्थ ही अवतरित, शास्त्रोक्त सन्यास के मूर्तस्वरूप, पूज्यपादाब्ज, प्रसिद्ध करपात्री दण्डीस्वामी हरिहराश्रम सरस्वती महोदय से स्वान्तःग्राही विचार प्रसङ्ग में काञ्चीकामकोटिमठ विषयक चर्चा को लेकर जो सम्वाद हुआ, उसी के सारांशानुसरण पूर्वक, निम्नांकित वक्तव्य, अपरिचित-जनों के ज्ञातव्यार्थ प्रकाशित किया जाता है —

प्रस्तुत आचार्य-चरणों ने तेरहवें-वर्ष में इस पीठ को अधिगत किया। वृद्ध तथा गुरुजनों के मुख से सुना गया है कि, इस पीठ की परम्परा भगवत्पाद श्रीशङ्कराचार्यजी प्रभृति से प्रसृत है। इसकी पुष्टि में देखा भी जाता है कि, काञ्ची-मण्डल के निवासी अद्वैत-जन अपने २ यहां गृह्यसूत्रोक्त शुभ-कार्यों के समय कामकोटिपीठस्थित आचार्य की अग्रपूजा किया करते हैं। श्रीकाञ्ची नगर में सर्वत्र अनेक ऋषि-देवों से प्रतिष्ठित शिव, विष्णु, देवी, गणेश, कार्तिकेय आदि के मन्दिर भी सुशोभित हैं। उस नगर के मध्य में "राजवीथी" नाम से ख्यात, चारो दिशाओं को जानेवाली, सड़क भी वर्तमान है। उसी के मध्य में कामकोटिपीठावस्थित कामाक्षीदेवी का मन्दिर भी शोभायमान है। देवी के समक्षवाले मण्डप के अग्रभाग में शालिग्रामी-शिला से बनी हुई, श्रीमद्भगवत् शङ्कराचार्यजी

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

द्वारा उद्धृत, श्रीयन्त्र वर्तमान है। उन मन्दिरों के रथयात्रा आदि उत्सव के समय वे मूर्तियां कामकोटिमठ की परिक्रमा भी किया करती हैं। यहां कामाक्षी-मन्दिर में श्रीमद्आद्य-शङ्करभगवत्पादाचार्य की शिलामयी मूर्ति विराजित है, जिनका महोत्सव, "विश्वरूप" की यात्रा के समय, शारदीय नवरात्र के समय, व्यासपूर्णिमा के समय एवं शङ्कर-जयन्ती के अवसर पर प्रति-वर्ष महान समारम्भ के साथ हुआ करता है। उसी मन्दिर के गोपुर में, मण्डप में, स्तम्भ में और देवी के अन्तर्गृहादिक भिन्न २ स्थानों में, भगवत्पाद की तपश्चर्या मुद्रा को प्रकट करनेवाली, मूर्तियां विराजित हैं। शिवकाञ्चीस्थित मठ के देव-गृह में भी आचार्यजी की शिष्य-मण्डली से युक्त शिलामयी मूर्ति शोभायमान है।

मद्रास की तरफ तीन तहसीलों में सनातनधर्मी (राजाओं के) राज्यकाल से लगा कर यह नियम चला आ रहा है कि, समस्त किसान अपनी २ जमा करनेवाली सरकारी-लगान का छानबेवां हिस्सा इस पीठ के अधिष्ठित श्रीशङ्कराचार्य चरणों को दें—वह नियम मुस्लिम शासकों से भी परिरक्षित रहकर प्रस्तुत अंग्रेजी-शासन में भी वर्तमान है। यदि इस नियम का कभी कोई उल्लंघन करता है तो राजकीय-अधिकारी लोग अदालत के द्वारा उसे इस नियम के पालनार्थ बाध्य करते एवं उससे वह धन दिला देते हैं।

सनातनधर्म के पुनरुद्धारक, महाराष्ट्र देशीय, भोसला-कुलोद्भव छत्रपति शिवाजी के वंशजों द्वारा प्रति वर्ष दिया जानेवाला सात हजार रुपया आज भी भारत के अंग्रेजी-सम्राट महोदय, स्वशासनारम्भ में की हुई धार्मिक-प्रतिज्ञा-नुसार, श्रीमठ को दिया करते हैं।

विद्यारण्य स्वामी के पूर्वकाल से १७०० ईस्वी पर्यन्त, श्रीमठ के अधीनस्थ ग्रामों-सम्बन्धी जो ताम्रपत्र प्राप्त होते हैं उनमें से किसी में इस पीठ के अधिष्ठित परम्परा-गुरुओं का उल्लेख श्रीशङ्कराचार्य नाम से और किसी में काञ्चीपुरस्थित लोकगुरु नाम से तथा किसी में तत्तत् नाम से, इस पीठ की

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

परम्परागत श्रीमुख वर्णित विरुदावली (मठ की मुहर) सहित, उल्लिखित पाया जाता है।

कावेरी महानदी के मध्यद्वीप में श्रीरङ्ग-मन्दिर के समीप भारतवर्ष के सभी शिव-मन्दिरों की अपेक्षा अत्यन्त विशाल जो जम्बुनाथजी का मन्दिर है उसमें अखिलाण्डेश्वरी नामक देवी के दोनों श्रीयन्त्रात्मक-ताटङ्क (कर्णभूषण) मन्त्राभिषिक्त हैं। जब २ उन यन्त्रों को किसी प्रकार की विकृति प्राप्त होती है तो उस समय श्रीमठाधिष्ठित आचार्यचरणों द्वारा ही उनके जीर्णोद्धारक विधान होने की बात लोकपरम्परा से सुनी जाती है। उनके आवाहन में, गुरुपादपूजा के समय पढ़े जाने वाले श्रीशङ्कराचार्य-अष्टोत्तरशतनाम में "श्रीचक्रात्मकताटङ्क पोषिताम्बा मनोरथाय नमः" ऐसा वाक्य भी श्रुतिगोचर होता है।

प्राचीनकाल से यह भी सुनने में आता है कि, कावेरी नदी तथा उसकी शाखाभूत नदियों से सिञ्चित होनेवाली भूमि में जो धान्य उत्पन्न होता है उसका दो-हजारवां हिस्सा पहले श्रीमठ को दिया जाता रहा, परन्तु, वर्तमान में उस देश के निवासी कृषकों द्वारा समष्टि-रूप से कुछ भूमि अर्पित कर दी गयी है जो श्रीमठ के अधिकार में विद्यमान है।

यहांतक श्रीमठ के श्रीशङ्कराचार्यीयत्व के समर्थन में व्यवहारिक प्रमाण दिखाये गये हैं, इसके अनन्तर, उसी उपदर्शित विषय में प्रमाणरूप से तत्तत् ग्रन्थों को भी उपस्थित करते हैं।

बारह भागों में विभक्त तथा पचास हजार से अधिक श्लोकोंवाले शिवरहस्य नामक ग्रन्थ की लिपिभेद से दो प्रतिलिपियां श्रीमठ के पुस्तकालय में रखी हैं—जिनमें शिवभक्तों के चरित्र का वर्णन है। उसमें यथाप्रसङ्ग श्रीमद् शङ्करभगवत्पादाचार्य के चरित्र-वर्णन पूर्वक सोलहवें अध्याय की समाप्ति की गयी मिलती है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

उसके अन्त में आये हुए निम्नांकित श्लोक को देखने से श्रीशङ्कराचार्यजी का निवास-स्थान श्रीमठ ही होने का पता चलता है। यथा—

तद्योगभोगवरमुक्तिसुमोक्षयोग—
लिङ्गार्चनप्राप्तजयः स्वकाश्रमम्।
तान्वै विजित्य तरसाक्षतशास्त्रवा-
दैर्मिश्राञ् स काञ्च्यामथ सिद्धिमाप॥

उपर्युक्त श्लोक में आये हुए 'स्वकाश्रमम्' शब्द के स्थान में 'स्वकाश्रमे' ऐसा पाठ भी देखा जाता है।

इसके पूर्व के श्लोकों में कैलास से लाये गये पांच लिङ्गों के सम्बन्ध की वार्ता वर्णित है।

इस शिवरहस्य ग्रन्थ को सम्पूर्णतया मुद्रित करा देने की इच्छा रखनेवाले तथा उसको तीन अंश पर्यन्त प्रकाशित भी कर चुकनेवाले धार्मिक-सेठ श्रीसदाशिव महोदय द्वारा संग्रह की गयी शिवरहस्य की अनेकानेक प्रतिलिपियों को देखने का अवसर किसी समय हुआ था। उन सभी में इसी श्लोक के साथ अध्याय की समाप्ति की गयी देखने में आयी।

'शंकरदिग्विजय' में 'पांच लिङ्गों की प्राप्ति'-विषयक वर्णन न मिलने से, जब शैवमतानुयायी लिङ्गायित और वैष्णव मतानुयायी माध्व विपरीत-प्रचार करने लग गये थे उस समय उसके खण्डनार्थ मैसूर-राज्य के पुस्तकालय से इसी (शिवरहस्य) ग्रन्थ को 'शङ्कर-विजय' के निबन्धकार माधव के अनुयायियों ने प्रमाणरूप से स्वीकार किया था।

श्रीमठीय-पुस्तकालय में एक पुस्तक है। उसमें मार्कण्डेय-संहिता से तीन परिच्छेद (परिस्पन्द) उद्धृत किये गये हैं। वे तालपत्र पर लिखे हुए हैं। उनमें पांचो लिङ्गोंकी प्राप्ति, उनके विनियोग का प्रकार तथा नेपाल में पशुपतीश्वरनाथ के स्थापन

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

आदि ऐसे अन्यत्र अवर्णित विषय मिलते हैं। उसमें काञ्चीकामकोटि पीठ का विषय विशद रूप से वर्णित है।

निर्णयसागर प्रेस से प्रकाशित काव्य-माला के अन्तर्गत पतञ्जलि-चरित नामक ग्रन्थ में महाभाष्यकार पतञ्जलि का चरित्र सम्यग् रीति से वर्णित है। उसके पहले हिस्से में, पूर्वाश्रम के उनके उस शिष्य का, जो शाप द्वारा ब्रह्मराक्षस हो पुनः मुक्ति पाने के अनन्तर, ब्रह्मर्षि शुक से सन्यास ले, अपने पूर्वाश्रमीय चन्द्र शर्मा नाम को त्याग स्वामी गौड़पाद नाम से प्रसिद्ध हुए उनका चरित्र दिया है। उसके बाद, श्रीमद् शङ्कराचार्यजी का जीवन-चरित्र वर्णित है।

इस ग्रन्थ के अन्त में दिया हुआ श्लोक भी आचार्यचरणों की तत्स्थानीयता प्रमाणित करता है। यथा—

अद्वैतभाष्यमुपकल्प्यदिशोविजित्य
काञ्चीपुरेस्थितिमवाप स शङ्करार्यः

'सहृदया'-पत्र में जो शङ्कराभ्युदय-काव्य छपा है उसका अन्तिम श्लोक ऊपर कहे गये आशय को पुष्ट करता है। यथा—

"कम्पातीरनिवासिनीमनुदिनं कामेश्वरीमर्चयन्
ब्रह्मानन्दमविन्दत त्रिजगतां क्षेमङ्करः शङ्करः।"

इस श्लोक में वर्णित कम्पा-नदी के काञ्चीपुर में होने सम्बन्धी प्रमाण मूकपञ्चशती आदि ग्रन्थ हैं।

श्रीभगवत्पाद से प्रचलित 'भारती'-सम्प्रदाय की गुरु-परम्परा, मद्रास के राजकीय संस्कृत-पुस्तकालय की सूची में जर्मन परिशोधकों द्वारा प्रकाशित की गयी, पायी जाती है। वही सूची काशीराजकीय सरस्वती-भवन में भी उपलब्ध है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

उसमें, अपने आश्रम के प्रचारार्थ, शङ्कराचार्य के कर्तृत्व द्वारा, विश्वरूपाचार्य एवं भगवती कामाक्षी का काञ्ची में स्थापनादिक विषय विशेषतः वर्णित हैं। इससे भी लक्षित विषय की पुष्टि होती है। वङ्गीय-विश्वकोष में भी श्रीमद्भगवत् शङ्कराचार्य का काञ्चीनगर से सम्बन्ध विशेषतया प्रतिपादित किया गया मिलता है।

श्रीमठ में आनन्दगिरि के 'शङ्कर-दिग्विजय' की अनेक प्रतिलिपियां वर्तमान हैं। उनमें भगवत्पाद का केरल देश में अवतार, काञ्चीपुर में उनकी अवतार-मूर्ति, 'इन्द्र' सम्प्रदायवर्ती सुरेश्वराचार्य का काञ्चीपुरपीठ पर स्थापन, काञ्ची में अपने निवास योग्य मठ की परिकल्पना, श्रीचक्रराज तथा कामाक्षी का स्थापनादि विषय लिखित हैं।

उससे मिलती हुई प्राचीन-पुस्तक काशीस्थ रामतारक-मठ में वर्तमान है। इस ग्रन्थ के निर्माण करनेवाले भगवान शङ्कराचार्यजी के शिष्य अनन्तानन्दगिरिजी का वर्णन माधवी डिमडिम व्याख्यान में पूर्णतया दिया हुआ है।

उसी डिमडिम व्याख्यान में, शङ्कर दिग्विजय का नाम न लेते हुए भी, वहां के वाक्य उद्धृत हैं। माधवीय अद्वैत लक्ष्मी व्याख्यान में आर्ष-शिवरहस्य के वाक्यों का उद्धरण है। वृहद शङ्कर दिग्विजयादि ग्रन्थों में वहां (आर्ष शिवरहस्य में) उपवर्णित कथाओं का वर्णन किया गया है।

इस पीठ के पूर्वाचार्यगण भगवत्पादीय सिंहासन पर अधिष्ठित होते आये हैं—इस बात का उपवर्णन मठ की परम्परागत श्रीमुख-पत्रपीठिकाओं में है। पुराणोंमें भी श्रीकांचीकामकोटिपीठ प्रसिद्ध है। ऐसा प्रतीत होता है कि, भगवत्पाद शङ्कराचार्य की परम्परा ने इस पीठ का अधिष्ठान मात्र प्राप्त किया है, न कि, किसी ने उसकी नवीन स्थापना की है। श्रीमुखपीठिकायें उन २ मठों में उन २ सम्प्रदायों के अनुसार समान

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

आकार-प्रकार की ही पायी जाती हैं। भगवत्पाद के अवतार-स्थान-स्वरूप केरल-देश के प्रसिद्ध मठों में गोविन्दनाथ मुनि का बनाया हुआ "शङ्कराचार्य जीवन-चरित्र" नामक ग्रन्थ देखा गया है। उसमें किसी भी मठ का वर्णन नहीं है। इतना ही मात्र लिखा है कि, भगवत्पाद श्रीशङ्कराचार्य निखिल धरा का परिक्रमण कर पुनः काञ्चीपुरी को गये। वहां के शङ्कराचार्याष्टक में श्री आचार्यचरण का काञ्ची में ही सर्वज्ञ-पीठाधिरोहण वर्णित किया गया है।

"श्रीशङ्कर विजय विलास" नाम के ग्रन्थ में भगवत्पाद श्रीशङ्कराचार्यजी द्वारा काञ्ची में, सर्वज्ञ पीठाधिरोहण और छ मतों के स्थापन की बात कही गयी है। शेष कथायें उस ग्रन्थ में माधवीयानुसारी ही मिलता है। काञ्चीपुर में 'पर विद्याचरण' विषय को लेकर माधवीय अन्तर्गत 'सुरधाम स तत्र कारयित्वा परविद्याचरणानुसारि चित्रम्" ऐसा कहा गया है।

किसी वृद्ध ने सुनाया कि 'वासना देहस्तुति' नाम से प्रसिद्ध कोई श्लोकबद्ध स्तुति-ग्रन्थ है। परन्तु, इस समय वह प्राप्य नहीं है। उसी से उद्धृत किया हुआ कोई श्लोक किसी निबन्ध में श्रीस्वामीपाद ने देखा है। उसमें यह कहा गया है कि, श्री सुरेश्वराचार्यजी ही इन्द्र-सम्प्रदाय के प्रवर्तक हैं। इस विषय का बस इतना ही वृत्तान्त सुना जाता है कि, एक बार श्री सुरेश्वराचार्य के सिर में बड़ी पीड़ा उत्पन्न हुई। तब उसके निवारणार्थ आचार्य-महोदय ने अश्विनीकुमारों का स्मरण किया और वे उसी क्षण वहां आये एवं सामने ही शिरोभेदन द्वारा उन्हें निरोग कर दिया। उस समय इन्द्र क्रोधित होकर हाथ में वज्र लिये पृथ्वी पर आ उपस्थित हुए। श्रीमद् आचार्यजी ने अपने दृष्टि-निक्षेप मात्र से उन्हें भी स्तम्भित कर दिया। अनन्तर, इन्द्र द्वारा की गयी स्तुति से प्रसन्न हुए आचार्य से, इन्द्र ने अपने नाम को आचार्य जी की परम्परा के साथ जोड़ दिये जाने की प्रार्थना की। उसी समय उनकी उस प्रार्थना को स्वीकार कर के श्री सुरेश्वराचार्य

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

'इन्द्र'-पद से अलंकृत हुए। आज भी श्रीकाञ्ची में "मण्डन मिश्र-अग्रहार" नाम से प्रसिद्ध एक वीथी (गली) है। वहां के निवासी ब्राह्मण ही इस पीठ के प्रथम-उपचारी माने गये हैं—यह नियम आज पर्यन्त चला आता है।

प्राचीन ग्रन्थों के निर्माण करनेवाले जिस प्रकार 'आनन्द-सरस्वती' सम्प्रदाय में पूजनीय गौड़ ब्रह्मानन्द प्रभृति प्राप्त हुए हैं, उसी प्रकार, इन्द्रसरस्वती सम्प्रदाय में भी प्रपञ्चसार-संग्रह के निर्माता सरस्वती उपाधिधारी गीर्वाणेन्द्र, ज्ञानामृतवर्षिणी के रचयिता सरस्वती-उपाधिधारी सदाशिव ब्रह्मेन्द्र, स्वाराज्य-सिद्धिकार सरस्वती-उपाधिधारी गङ्गाधरेन्द्र, नाम-सिद्धान्त कौमुदी के निर्माता भगवन्नाम बोधेन्द्र, आदि अनेक आचार्य हो चुके हैं।

इस प्रकार, सम्भाषण हो चुकने पर, अन्त में, श्रीस्वामीपाद ने कहा कि, अपने अनुभवानुसार बातें कही गयी हैं, किन्तु, मठ अथवा पीठों के उत्कर्षापकर्ष पर विचार करने का फल कुछ भी नहीं दिखाता।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri